भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2505
उत्तर देने की तारीख-03/08/2026

त्रिपुरा में समग्र शिक्षा योजना

†2505. **श्री बिप्लब कुमार देब:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत देश में उन्नत किए गए विद्यालयों तथा निर्मित किए गए नए आवासीय विद्यालयों/छात्रावासों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;
(ख) क्या इस योजना के अंतर्गत स्मार्ट स्कूल और स्मार्ट क्लासरूम सहित आईसीटी और डिजिटल पहल शामिल हैं;
(ग) यदि हां, तो अब तक इसके अंतर्गत शामिल किए गए विद्यालयों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल संख्या कितनी है; और
(घ) उक्त योजना के तहत त्रिपुरा राज्य में उन्नत किए गए विद्यालयों की संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क): यह विभाग वर्ष 2018-19 से समग्र शिक्षा योजना को कार्यान्वित कर रहा है। इस योजना को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप बनाया गया है। इस योजना के तहत सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (त्रिपुरा राज्य सहित) को नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय (एनएससीबीएवी), कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी), पीएम जनमन (वर्ष 2023-24 से शुरू) और डीएजेजीयूए (वर्ष 2024-25 से शुरू) के मध्यवर्तनों के तहत स्कूलों के स्तरोन्नयन और आवासीय सुविधाओं की स्थापना के लिए सहायता प्रदान की जाती है।

इस योजना के तहत, संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा अपनी आवश्यकता और प्राथमिकताओं के अनुसार वार्षिक योजनाएं तैयार की जाती हैं। इन वार्षिक योजनाओं का मूल्यांकन और अनुमोदन संबंधित राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के परामर्श से विभाग में परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) द्वारा योजना के कार्यक्रम संबंधी और वित्तीय मानकों के अनुसार किया जाता है।

समग्र शिक्षा अभियान के तहत नए/स्तरोन्नत स्कूलों और आवासीय स्कूलों/छात्रावासों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार संख्या [स्तरोन्नत केजीबीवी और अनुमोदित एनएससीबीएवी], अनुलग्नक I में दी गई है। समग्र शिक्षा के तहत वित्त पोषित पीएम जनमन और डीएजेजीयूए के तहत स्वीकृत छात्रावासों का राज्यवार ब्यौरा क्रमश: अनुलग्नक II और III में हैं।

(ख) और (ग): समग्र शिक्षा के आईसीटी और डिजिटल पहल घटक में कक्षा VI से XII तक के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूल शामिल हैं। इस घटक के तहत स्कूलों में आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

कार्यात्मक आईसीटी प्रयोगशालाओं और स्मार्ट क्लासरूम का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार ब्यौरा अनुलग्नक IV में दिया गया है।

(घ): त्रिपुरा राज्य के लिए वर्ष 2018-19 से वर्ष 2026-27 तक अनुमोदित नए/स्तरोन्नत स्कूलों की संख्या 50 है।

अनुलग्नक-I

"त्रिपुरा में समग्र शिक्षा योजना" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री बिप्लब कुमार देब द्वारा पूछे गए दिनांक 03.08.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2505 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

नए/स्तरोन्नत स्कूलों और आवासीय स्कूलों/छात्रावासों [स्तरोन्नत किए गए केजीबीवी और अनुमोदित एनएससीबीएवी] की संख्या निम्नानुसार है:

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	अनुमोदित नए/स्तरोन्नत स्कूल (वर्ष 2018-19 से वर्ष 2026-27)	स्तरोन्नत केजीबीवी (वर्ष 2018-19 से दिनांक 30.07.2026 तक)	अनुमोदित एनएससीबीएवी (वर्ष 2018-19 से 2026-27 तक)
1.	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	1	-	-
2.	आंध्र प्रदेश	1	351	8
3.	अरुणाचल प्रदेश	8	78	8
4.	असम	93	81	10
5.	बिहार	-	150	13
6.	छत्तीसगढ	78	80	12
7.	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	14	-	2
8.	गुजरात	118	119	4
9.	हरियाणा	-	55	-
10.	हिमाचल प्रदेश	7	9	5
11.	जम्मू एवं कश्मीर	66	-	7
12.	झारखंड	-	203	8
13.	कर्नाटक	112	5	1
14.	केरल	-	-	6
15.	लद्दाख	17	-	64
16.	मध्य प्रदेश	87	107	23
17.	महाराष्ट्र	2	13	7
18.	मणिपुर	60	11	14
19.	मेघालय	82	10	-
20.	मिजोरम	48	1	15
21.	नगालैंड	7	-	3
22.	ओडिशा	510	183	9
23.	पुदुचेरी	1	-	-
24.	पंजाब	245	18	-
25.	राजस्थान	1026	78	25
26.	सिक्किम	16	1	9
27.	तमिलनाडु	8	20	10
28.	तेलंगाना	-	452	3
29.	त्रिपुरा	50	14	3
30.	उत्तर प्रदेश	380	746	4
31.	उत्तराखंड	7	20	15
32.	पश्चिम बंगाल	8	-	2
	कुल	**3052**	**2805**	**290**

स्रोत: प्रबंध

अनुलग्नक-II

"त्रिपुरा में समग्र शिक्षा योजना" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री बिप्लब कुमार देब द्वारा पूछे गए दिनांक 03.08.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2505 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पीएम जनमन के तहत स्वीकृत छात्रावास

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**स्वीकृत छात्रावास**
1.	आंध्र प्रदेश	87
2.	बिहार	15
3.	छत्तीसगढ	40
4.	गुजरात	13
5.	झारखंड	39
6.	कर्नाटक	7
7.	केरल	4
8.	मध्य प्रदेश	106
9.	महाराष्ट्र	25
10.	मणिपुर	6
11.	ओडिशा	76
12.	राजस्थान	21
13.	तमिलनाडु	8
14.	तेलंगाना	16
15.	त्रिपुरा	32
16.	उत्तर प्रदेश	2
17.	उत्तराखंड	3
	कुल	**500**

अनुलग्नक-III

"त्रिपुरा में समग्र शिक्षा योजना" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री बिप्लब कुमार देब द्वारा पूछे गए दिनांक 03.08.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2505 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

डीएजेजीयूए के तहत स्वीकृत छात्रावास

क्र सं.	**राज्य**	**स्वीकृत छात्रावास**
1.	आंध्र प्रदेश	4
2.	अरुणाचल प्रदेश	45
3.	असम	209
4.	बिहार	19
5.	छत्तीसगढ	42
6.	गुजरात	9
7.	हिमाचल प्रदेश	2
8.	झारखंड	5
9.	कर्नाटक	14
10.	केरल	2
11.	लद्दाख	1
12.	मध्य प्रदेश	104
13.	महाराष्ट्र	22
14.	मणिपुर	44
15.	मिजोरम	13
16.	नगालैंड	23
17.	ओडिशा	40
18.	राजस्थान	58
19.	सिक्किम	5
20.	तेलंगाना	10
21.	त्रिपुरा	15
22.	उत्तर प्रदेश	3
23.	उत्तराखंड	3
कुल		**692**

अनुलग्नक IV

"त्रिपुरा में समग्र शिक्षा योजना" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री बिप्लब कुमार देब द्वारा पूछे गए दिनांक 03.08.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2505 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

समग्र शिक्षा अभियान के तहत कार्यात्मक आईसीटी प्रयोगशालाएं और स्मार्ट क्लासरूम, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार, निम्नानुसार हैं:

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	कार्यात्मक आईसीटी प्रयोगशालाएं (शुरुआत से ही)	कार्यात्मक स्मार्ट कक्षाएं (शुरुआत से ही)
1.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	147	-
2.	आंध्र प्रदेश	9671	6839
3.	अरुणाचल प्रदेश	532	141
4.	असम	7546	6098
5.	बिहार	4910	11156
6.	चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र	139	186
7.	छत्तीसगढ	2341	5857
8.	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	141	137
9.	दिल्ली	1587	1018
10.	गोवा	460	24
11.	गुजरात	5886	7155
12.	हरियाणा	3605	3226
13.	हिमाचल प्रदेश	3118	2858
14.	जम्मू एवं कश्मीर	3036	1352
15.	झारखंड	4966	1269
16.	कर्नाटक	3749	893
17.	केरल	2409	373
18.	लद्दाख	198	165
19.	लक्षद्वीप	11	-
20.	मध्य प्रदेश	4362	10502
21.	महाराष्ट्र	10134	2292
22.	मणिपुर	995	565
23.	मेघालय	464	25
24.	मिजोरम	863	235
25.	नगालैंड	671	725
26.	ओडिशा	8315	6973
27.	पुदुचेरी	188	145
28.	पंजाब	5875	3916
29.	राजस्थान	8945	7698
30.	सिक्किम	381	301
31.	तमिलनाडु	13351	865
32.	तेलंगाना	5522	4212
33.	त्रिपुरा	1782	1162
34.	उत्तर प्रदेश	10458	27775
35.	उत्तराखंड	907	1567
36.	पश्चिम बंगाल	2788	-
	कुल	**130453**	**117705**

स्रोत: प्रबंध

*****